NAV-BHARAT, Mumbai, 26.12.2023
Page No. 12, Size:(10.70)cms X (7.09)cms.

प्रोजेक्ट | बुलेट ट्रेन स्टेशनों की स्थापत्य कला को देखकर मंत्रमुग्ध होंगे लोग, नई तकनीक का इस्तेमाल

हर स्टेशन पर दिखेगी उस क्षेत्र की खासियत

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेज गति से चल रहा है. मुंबई स्थित बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में चल रहे काम की रफ्तार भी देखी जा सकती है. ट्रैक के साथ-साथ स्टेशनों के निर्माण में भी इंजीनियरिंग की नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है. यदि स्टेशनों की बात करें तो उसकी स्थापत्य कला और प्रवेश द्वार उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे. मुंबई बीकेसी एचएसआर स्टेशन का बाहरी हिस्सा यानी प्रवेश द्वार, बादलों के समूह और समुद्र के दृश्य को प्रतिबिंबित करेगा. मुंबई में 4 स्टेशन होंगे, जिसमें बीकेसी, ठाणे, विरार और बोइसर शामिल है. बता दें कि बुलेट ट्रेन का काम नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) द्वारा किया जा रहा है. इस प्रोजेक्ट में बीकेसी ही एकमात्र स्टेशन है, जो अंडरग्राउंड है. इस ट्रेन की शुरुआत 2027 में होने की संभावना है. इंजीनियरिंग इनोवेशन वाले इस स्टेशन की नींव अब पड़नी शुरू हो गई है.

स्टेशन का बॉटम-अप प्रक्रिया से किया जा रहा निर्माण कार्य

■ स्टेशन का निर्माण बॉटम-अप प्रक्रिया से किया जाना है यानी खुदाई जमीनी स्तर से शुरू होगी और कंक्रीट का काम नींव से शुरू होगा. स्टेशन के लिए आवश्यक खुदाई 32 मीटर गहरी और लगभग 18 लाख क्यूबिक मीटर है. ऐसी गहरी खुदाई को सुरक्षित रूप से करने के लिए और मिट्टी ढहने से रोकने के लिए ग्राउंड सपोर्ट सिस्टम का निर्माण किया जाएगा.

■ **बीकेसी हाई स्पीड स्टेशन :** बीकेसी हाई स्पीड स्टेशन बादल के समूहों और समुद्र की लहर आकृतियों का प्रतिनिधित्व करेगा. स्टेशन में 6 प्लेटफार्म होंगे और यह लगभग 24 मीटर भूमिगत होगा. इतना ही नहीं, बीकेसी हाई स्पीड स्टेशन को नजदीकी मेट्रो लाइन से जोड़ने की योजना बनाई गई है और साथ ही स्टेशन से एमटीएनएल बिल्डिंग की ओर जाने के लिए दो प्रवेश और निकास द्वार होंगे.

04 स्टेशन होंगे मुंबई में | **2027** तक बुलेट ट्रेन शुरू होने की संभावना

ठाणे में दिखेगी शांत लहरों की छटा

विरार हाई स्पीड स्टेशन: विरार स्टेशन पहाड़ी हवा की छवि होगा. इसमें अनूठी संरचना वाले 4 ट्रैक और 2 प्लेटफॉर्म होंगे. इस स्टेशन से विरार लोकल रेलवे स्टेशन 8 किमी, पेल्हार रोड 1 किमी, नालासोपारा रोड 4.5 किमी, चंदनसर रोड 9.5 किमी, नेशनल हाईवे 48 से 6 किमी दूर है.

ठाणे हाई स्पीड स्टेशन: चूंकि ठाणे में स्टेशन उल्हास नदी से कुछ दूरी पर है, इसलिए स्टेशन के बाहरी हिस्से का आकार नदी की शांत लहरों जैसा होगा. यह स्टेशन जमीन से 15 मीटर ऊपर होगा. प्रस्तावित विरार-अलीबाग एमएमसी से 1 किमी दूर होगा. स्टेशन दिवा रेलवे स्टेशन से 3 किमी और दतिवली से 1 किमी दूर होगा.

बोइसर हाई स्पीड स्टेशन: बोइसर स्टेशन का प्रवेश द्वार मछली पकड़ने के जाल के आकार का होगा. इसके दोनों तरफ प्लेटफॉर्म होंगे और बीच में 4 ट्रैक होंगे. यह स्टेशन बोइसर-चिल्लर फाटा स्टेशन से 300 मीटर दूर है, बोइसर रेलवे स्टेशन 5.4 किमी दूर है, बोइसर बस स्टेशन 6 किमी दूर है, पालघर जिला मुख्यालय से 12.7 किमी दूर है.

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 25.12.2023
Page No. 8, Size:(6.09)cms X (4.41)cms.

बुलेट ट्रेन के सभी 12 स्टेशन बताएंगे उस शहर की खूबी

सूरत का स्टेशन हीरे जैसा, अरब सागर की थीम मुंबई में, अहमदाबाद में पतंगें

Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली :** मुंबई से अहमदाबाद के बीच दौड़ने वाली देश की पहली बुलेट ट्रेन के सभी 12 स्टेशन भी बेहद खास होंगे। जिस शहर में ये स्टेशन होंगे वहां की ऐतिहासिक धरोहरों से लोगों को रूबरू कराते नजर आएंगे। जैसे की डायमंड सिटी के नाम से फेमस सूरत के स्टेशन को अंदर और बाहर से हीरे की चमक दिखाने वाली थीम पर तैयार किया जाएगा। मुंबई स्टेशन के फसाड में आपको अरब सागर के दर्शन होंगे। यहां बादल और पत्थरों से टकराती ऊंची लहरों की थीम पर इसे बनाया जाएगा। नैशनल हाई स्पीड

मुंबई स्टेशन की थीम अरब सागर पर।

रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) के अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट जैसे बनाए जाने वाले बुलेट ट्रेन के सभी स्टेशन कुछ खास होंगे। साबरमती स्टेशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरखे को दर्शाता नजर आएगा। उल्हास नदी के पास बनने वाले ठाणे स्टेशन की छत पर लहरों की छाप दिखाई देगी तो विरार स्टेशन पर पहाड़ों से आने वाली हवाओं के दर्शन होंगे। अहमदाबाद स्टेशन पतंगों से सजा होगा। आणंद स्टेशन अंदर और बाहर से दूध की थीम पर बनाया जाएगा। वडोदरा स्टेशन बरगद के पेड़ वाले पैटर्न पर नजर आएगा। बिलिमोरा स्टेशन में आपको आम के बागों की झलक दिखाई देगी।

सभी स्टेशनों में मल्टीपल फैसिलिटी होंगी। जिनमें वेटिंग लाउंज, बेबी केयर रूम, रेस्ट रूम, साफ-सुथरे टायलेट, शॉप्स और बिजनेस लांउज समेत अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। 12 स्टेशनों में केवल मुंबई स्टेशन अंडरग्राउंड बनाया जा रहा है।